आईएसबीटी से मिलेंगीं मुरैना एवं भिण्ड के लिए बसें

सभी की सहमति से शीघ्र होगा बसों का संचालन : कलेक्टर

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि यातायात प्रबंधन के लिये नए बस स्टैण्ड का संचालन सभी की सहमति से शीघ्र अतिशीघ्र प्रारंभ हो, यह जरूरी है। मुरैना एवं भिण्ड की बसें नए बस स्टैण्ड से होकर रवाना हों ताकि वहां के यात्रियों को भी सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि नए बस स्टैण्ड तक पहुँचने के लिये यात्रियों को सुगम यातायात प्रबंधन के लिये भी प्रशासन व पुलिस की ओर से सार्थक प्रयास किए जायेंगे। इसके लिये ऑटो एवं सवारी वाहनों की दरें निर्धारित करने का कार्य किया जाएगा। निजी वाहनों से सवारी लेजाने वालों पर पुलिस विभाग के माध्यम से कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने कहा कि यातायात के बढ़ते दबाव के कारण शहर में यातायात प्रबंधन में कई प्रकार की समस्यायें आती हैं। यात्री बसों का संचालन नए बस स्टैण्ड से प्रारंभ हो, इसके लिये सभी को मिलकर सार्थक प्रयास करना होंगे। मुरैना एवं भिण्ड की बसें नए बस स्टैण्ड से होकर निकलें, यह व्यवस्था शीघ्र प्रारंभ की जाना चाहिए। पुलिस विभाग के माध्यम से रास्ते में पिकअप केन्द्र स्थापित करने का कार्य भी किया जायेगा। इसके साथ ही यात्री वाहनों की दरें निर्धारित करने का कार्य भी परिवहन विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में बस ऑपरेटर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने विचार रखे।

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 31 मई। यातायात प्रबंधन के लिये ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं सांसद भारत सिंह कुशवाह ने संयुक्त रूप से बैठक लेकर यातायात प्रबंधन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। ग्वालियर से मुरैना एवं भिण्ड जाने वाले यात्रियों के लिये अब पुराने बस स्टेण्ड के साथ-साथ ग्वालियर में नवनिर्मित आईएसबीटी (अंतर्राज्यीय बस अड्डा) से भी यात्री बसें उपलब्ध होंगीं। इस आशय का निर्णय

ऊर्जा मंत्री तोमर एवं सांसद कुशवाह की मौजूदगी में हुई बैठक

बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में बस ऑपरेटर्स यूनियन के सदस्यों ने भी इस निर्णय पर सहमति प्रदान की। ऊर्जा मंत्री तोमर एवं सांसद कुशवाह ने सभी व्यवस्थायें पूर्ण कर 15 जून से आईएसबीटी से भी बसों का संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में रविवार को यातायात प्रबंधन के संबंध में आयोजित बैठक में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं सांसद भारत सिंह कुशवाह ने संयुक्त रूप से शहर की यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, भाजपा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, जिला परिवहन अधिकारी विक्रमजीत सिंह कंग सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की जवाबदारी हम सभी की है। ग्वालियर के बस ऑपरेटर इसमें सहयोग करें और ग्वालियर में आधुनिक अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड का संचालन व्यवस्थित रूप से हो ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधायें मिल सकें। यातायात प्रबंधन ने शासन-प्रशासन के साथ-साथ सभी लोग सहभागी बनें इसकी महती आवश्यकता है।

क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से ग्वालियर में एक आधुनिक बस स्टैण्ड का निर्माण किया गया है। इसका बेहतर उपयोग हो, इसके लिये हम सबको आपसी सहमति के साथ यातायात प्रबंधन की दृष्टि से उपयोग करना चाहिए। ग्वालियर का पुराना बस स्टैण्ड शहर के मध्य होने के कारण यातायात में अव्यवस्थायें होती हैं। ग्वालियर से मुरैना एवं भिण्ड की ओर जाने वाली बसें नए बस स्टैण्ड से होकर संचालित हों ताकि यात्रियों को सुविधा हो और नए बस स्टैण्ड का संचालन भी व्यवस्थित रूप से प्रारंभ हो सके। उन्होंने कहा कि ग्वालियर से संचालित सभी वीडियोकोच बसें भी नए बस स्टैण्ड से संचालित हों, यह भी निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जिला कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वीडियोकोच संचालकों से भी चर्चा कर इस निर्णय का पालन सुनिश्चित करायेंगे।

वीडियोकोच बसों का संचालन भी आईएसबीटी से ...

यातायात प्रबंधन के लिये आयोजित बैठक में ग्वालियर शहर से संचालित वीडियोकोच बसों का संचालन भी आईएसबीटी (अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड) से करने की सहमति हुई। इस संबंध में वीडियोकोच बस संचालकों से भी चर्चा की जायेगी। मुरैना एवं भिण्ड के लिये संचालित यात्री बसें पुराने बस स्टैण्ड से चलकर आईएसबीटी पहुँचेंगीं और वहां से सवारियां लेकर रवाना होंगीं। सभी बसों को आईएसबीटी पर पहुंचना अनिवार्य होगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पुराने बस स्टैण्ड से आईएसबीटी तक पहुंचने के लिये यात्रियों को बेहतर परिवहन व्यवस्था उपलब्ध हो, इसके लिये पुलिस विभाग के माध्यम से ऑटो एवं अन्य सवारी वाहनों की दरें भी निर्धारित की जायेंगीं ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित द सूत्र बस सेवा का संचालन भी आईएसबीटी बस स्टैण्ड से ही किया जायेगा।

5 वर्षीय रुद्रिका ने फहराया परचम

13500 फीट की ऊंचाई पर पूरा किया ट्रैक

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 31मई। कम उम्र में बड़े साहस की मिसाल पेश करते हुए शहर की 5 वर्षीया रुद्रिका चाहल ने 13500 फीट की ऊंचाई पर स्थित कठिन रोली खोली ट्रैक को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। रुद्रिका, सिंधिया कन्या विद्यालय की स्पोर्ट्स टीचर सुमन चौधरी की पुत्री हैं और यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया, ग्वालियर इकाई की सदस्य हैं। युवावस्था में साहस और निडरता की नई कहानी लिखने वाली रुद्रिका इस अभियान में शामिल 47 प्रतिभागियों के दल में सबसे कम उम्र की ट्रेकर थीं। इतनी चुनौतीपूर्ण ऊंचाई और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद रुद्रिका ने जिस आत्मविश्वास के साथ यह ट्रैक पूरा किया, वह सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

उल्लेखनीय है कि रोली खोली ट्रैक यूथ हॉस्टल एसोसिएशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय हिमालयन ट्रैकिंग और प्रशिक्षण अभियान का हिस्सा है। इस साहसिक यात्रा में ग्वालियर यूथ हॉस्टल के कुल 5 सदस्यों ने हिस्सा लिया था, जिनमें रुद्रिका की उपलब्धि ने शहर का मान बढ़ाया है। मिश्रा ने रुद्रिका की इस अभूतपूर्व सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनकी निडरता और हौसला आने वाले समय में अन्य युवाओं के लिए एक मिसाल साबित होगा।

साडा क्षेत्र में स्थापित होगा सौर उर्जा संयंत्र

बैठक में बनी सहमति

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 31 मई। साडा क्षेत्र में अब जल्दी ही सौर उर्जा संयंत्र की स्थापना होगी। इस आशय का निर्णय गत दिवस मंत्री राकेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में हुई बैठक में लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार साडा अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बैठक में साडा क्षेत्र में सोलर ऊर्जा संयंत्र लगाने का प्रस्ताव रखा ,जिस पर सभी मौजूद जनप्रतिनिधियों ओर अधिकारियों ने सहमति जताई ओर मंत्री शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त योजना को धरातल पर उतारने का काम द्रुत गति से करें। बैठक में विधायक मोहन सिंह राठौर, साहब सिंह गुर्जर , जीडीए अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया, मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक जादौन , ऊर्जा विकास निगम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमन वीर सिंह, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, एस एन एस ऊर्जा प्रमुख सुजीत शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त हुए 6 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को दी विदाई

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 31 मई। पुलिस विभाग में आज एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग से सेवानिवृत्त हुए 6 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई। यह कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह के निर्देशानुसार पुलिस कंट्रोल रूम के सभागार में हुआ।

सेवाओं का सम्मान और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ: विदाई समारोह के मुख्य अतिथि, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जयराज कुबेर ने सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों द्वारा अपनी सेवाकाल के दौरान दी गई ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में वर्षों तक अपनी सेवाएं देना एक बड़ी उपलब्धि है। अपने संबोधन में उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

सक्रिय रहने की सलाह, सम्मान के साथ विदाई: जयराज कुबेर ने सेवानिवृत्त हो रहे साथियों प्रेमलता तिवारी, ठाकुर राम भगत, बद्दूलाल तिवारी, प्रकाश सिंह, बसंत कुमार, नारायण सिंह गुर्जर को प्रेरित करते हुए सलाह दी कि वे सेवा-निवृत्ति के बाद भी खुद को सामाजिक और रचनात्मक कार्यों में सक्रिय रखें। उन्होंने कहा कि यह नया जीवन एक नई शुरुआत है, और रचनात्मक कार्यों में व्यस्त रहकर वे अपनी नियमित दिनचर्या को और भी सुखद बना सकते हैं। समारोह के समापन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक ग्वालियर श्री रणजीत सिंह, सूबेदार श्रीमती सोनम पाराशर, मुख्य लिपिक नरेन्द्र तूनिया के साथ-साथ पुलिस कार्यालय का स्टाफ, सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

आदर्श गौशाला में दोहराया गौ संरक्षण का संकल्प

गौ सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण के लिए जिला स्तरीय बैठक हुई आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 31 मई। भारतीय जीवन मूल्यों, गौ संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के संवर्धन के लिए संचालित गौ सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय बैठक का आयोजन श्री कृष्णायन आदर्श गौशाला, लाल टिपारा, ग्वालियर में संपन्न हुआ। यह बैठक गौ संत शिरोमणि श्री ऋषभ देवानंद जी महाराज के पावन सानिध्य एवं मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

द्वितीय चरण की कार्ययोजना और गौ सम्मान दिवस की रूपरेखा : अभियान के राज्य प्रभारी राम शर्मा ने द्वितीय चरण की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने प्रथम चरण की सफलताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अभियान का विस्तार करने के लिए आगामी कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शर्मा ने घोषणा की कि 27 जुलाई को गौ सम्मान दिवसज के रूप में एक विशेष आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए अभी से पूरी सक्रियता के साथ कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

समीक्षा और रणनीतिक विस्तार : बैठक में 27 अप्रैल को आयोजित हुए प्रथम चरण के कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त अनुभवों के आधार पर आगामी चरण के लिए नई रणनीतियां तैयार की गईं। अभियान को अधिक व्यापक बनाने के लिए संगठनात्मक स्तर पर विभिन्न समितियों का गठन किया गया और कार्यकर्ताओं को नए दायित्व सौंपे गए।

यह रहे उपस्थित: इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और गौ भक्तों ने हिस्सा लिया, जिनमें प्रमुख रूप से प्रदीप गुप्ता समर्पण, महिपाल सिंह खैनवार स्वदेशी सनातन संघ, अजमेर सिंह रावत रानी घाटी गौशाला, ओ.पी. शर्मा, राम मोहन गुप्ता, बद्री विशाल गौशाला, संदीप तायल स्वदेशी आरोग्य भारती, संजय यादव एवं मुकेश खंडेलवाल शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन जय गौ माता ङ्क जय गोपाल के उद्घोष एवं राष्ट्र तथा धर्म के प्रति मंगल संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित सभी समाजसेवियों और गौ भक्तों ने गौ माता के सम्मान एवं संवर्धन हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया।

गौ माता राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : स्वामी ऋषभ

बैठक का शुभारंभ गौ पूजन एवं वंदना के साथ हुआ। अपने संबोधन में पूज्य स्वामी ऋषभ देवानंद महाराज ने गौ माता को भारतीय कृषि, पर्यावरण संतुलन और सनातन जीवन दर्शन की मूल आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण केवल सेवा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है। स्वामी जी ने उपस्थित गौ भक्तों से आह्वान किया कि वे समाज में गौ जागरण का व्यापक अभियान चलाएं और जन-जन को इस पुनीत कार्य से जोड़ें।

गीता ज्ञान यज्ञ की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 31मई। विश्वगीता प्रतिष्ठान, ग्वालियरम् द्वारा आयोजित होने वाले पंच दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ की तैयारियों को लेकर रविवार को अचलेश्वर महादेव मंदिर, अचलनाथ कॉलोनी, ग्वालियर में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयोजन की व्यवस्थाओं एवं विभिन्न दायित्वों के सुचारु संचालन हेतु कार्यकर्ताओं एवं कॉलोनीवासियों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। बैठक में डॉ. विष्णु नारायण तिवारी के मार्गदर्शन में अरुण कुमार शर्मा तथा विनोद पस्तोर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं कॉलोनीवासियों के साथ आयोजन की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार, मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, प्रसाद वितरण, स्वच्छता, जल व्यवस्था, अखण्ड गीता पाठ एवं यज्ञ-हवन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग दायित्व निर्धारित किए गए। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में कालीचरण शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, अभिषेक द्विवेदी, एस पी जैन, रामकेश व्यास, प्रमोद भार्गव, जे. एन. शर्मा, अजय तिवारी, दिनकर शर्मा, कुंजबिहारी शर्मा, गौरी गिरि गोस्वामी, ए. के. शर्मा, अजय शर्मा, पी. के. शर्मा, सुभाष शर्मा, जे. पी. शर्मा, रूपेश शर्मा, श्रीमती महादेवी शर्मा, श्रीमती रजनी शर्मा, श्रीमती सुमन भार्गव एवं श्रीमती नेहा शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि विश्वगीताप्रतिष्ठान, ग्वालियरम् के तत्वावधान में 9 से 13 जून तक अचलेश्वर महादेव मंदिर, अचलनाथ कॉलोनी, ग्वालियर में पंच दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन सायंकाल 4:30 बजे से 7:30 बजे तक गीता स्वाध्याय एवं प्रवचन होंगे। कार्यक्रम के कथा व्यास डॉ. विष्णु नारायण तिवारी, गीता मनीषी एवं केन्द्रीय महामंत्री, विश्व गीताप्रतिष्ठानम् रहेंगे।

वे श्रीमद्भगवद्गीता के कर्मयोग, भक्तियोग एवं जीवनोपयोगी शिक्षाओं का सरल एवं प्रेरणादायी विवेचन करेंगे। आयोजन के अंतिम दिवस 13 जून शनिवार को प्रात: 8 बजे अखण्ड गीता पाठ तथा प्रात: 11 बजे सामूहिक हवन होगा। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता कर गीता ज्ञान का लाभ लेने का आग्रह किया है।

बैठक के अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प व्यक्त किया कि गीता के दिव्य संदेश को जन-जन तक पहुँचाने तथा समाज में नैतिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के संवर्धन हेतु इस आयोजन को भव्य एवं सफल बनाया जाएगा।

हर घर मनुस्मृति अभियान का शंखनाद

सामाजिक जागृति के लिए शुरू हुआ विशेष अभियान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 31 मई। भारतीय सनातन जीवन मूल्यों और संस्कारों के संवर्धन के लिए एक अनूठा अभियान हर घर मनुस्मृति शुरू किया गया है। इस अभियान की विधिवत शुरुआत, पूर्व मंत्री अनुप मिश्रा से भेंट कर की गई यह कहना है अभियान के संयोजक अखिलेश शर्मा का। इस अवसर पर साथ हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे, जो कि 1990 के दशक से निरंतर सामाजिक संघर्षों

के साथी रहे हैं। भेंट के दौरान अभियान की रूपरेखा और इसके उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा की गई।उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक परिवार में मनुस्मृति की महत्ता को पहुँचाना और उसे जन-जन का संस्कार बनाना है,

अखिलेश ने बताया कि अभियान के दौरान वह जहां भी जा रहे हैं वहां वरिष्ठ जनों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने और नैतिक मजबूती प्रदान करने में सहायक होते हैं। आने वाले समय में यह अभियान व्यापक रूप लेगा और इसके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में मनुस्मृति के वितरण और पठन-पाठन का कार्य सुव्यवस्थित ढंग से किया जाएगा। अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिलने से यह हर घर मनुस्मृति का संकल्प जल्द ही जन-आंदोलन का रूप लेगा।

अभियान का लक्ष्य समाज में परिवर्तन लाना

अभियान के प्रवर्तक अखिलेश शर्मा ने संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि, हर घर हो मनुस्मृति और हर घर में हो उसका पूजन - अब हमने यही ठाना है। उनका मानना है कि मनुस्मृति में निहित आदर्श और नैतिक शिक्षाएं वर्तमान पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का कार्य करेंगी। इस अभियान का लक्ष्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना और भारतीय संस्कृति के गौरव को पुन: प्रतिष्ठित करना है।

छुट्टी के दिन भी मैदान में उतरे अधिकारी

जिले में कलेक्टर के निर्देश पर विशेष अभियान जारी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 31 मई। ग्रामीण नागरिकों को उनकी आवासीय संपत्ति का वास्तविक मालिकाना हक दिलाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा संचालित स्वामित्व योजना को ग्वालियर जिले में मिशन मोड पर पूरा किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा इस दिशा में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत रविवार को सार्वजनिक अवकाश के बावजूद वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और राजस्व अमले ने गाँव-गाँव में पहुँचकर स्वामित्व योजना का काम किया।

विशेष अभियान के तहत रविवार को अपर जिला दण्डाधिकारी सी.बी. प्रसाद ने तानसेन तहसील के विभिन्न ग्रामों का सघन दौरा किया। उन्होंने

ग्राम डबका, डोंगरपुर और बेहट पहुँचकर स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा की। श्री प्रसाद ने न केवल कार्यों का निरीक्षण किया, बल्कि मौके पर ही पोर्टल पर आवश्यक प्रविष्टियां भी सुनिश्चित कराईं।

इसी क्रम में एसडीएम भितरवार राजीव समाधिया ने भी अपने क्षेत्र के ग्राम गोहिंदा, बाजना और अन्य प्रभावित गाँवों का भ्रमण किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर योजना के लाभ बताए और राजस्व अधिकारियों को शेष कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह जिले के अन्य एसडीएम व तहसीलदारों सहित संबंधित अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यों को गति दी थी।

गुणवत्ता और समय-सीमा पर विशेष जोर: कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्वामित्व योजना के शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं।

नगर निगम की मदाखलत टीम ने चलाया विशेष अभियान

झंडी-बैनर एवं कटआउट हटाए

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 31 मई। नगर निगम के नोडल अधिकारी केशव सिंह चौहान एवं मदाखलत अधिकारी सत्येंद्र सिंह भदौरिया के निर्देश तथा जोनल अधिकारी अजय शर्मा के मार्गदर्शन में शहर में स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान मदाखलत निरीक्षक सुघर सिंह सिसोदिया, समयपाल एवं पूर्व विधानसभा दल के सहयोग से शहर के प्रमुख क्षेत्रों दाना ओली, मोची ओली, मोर बाजार, नई सड़क, सराफा बाजार, दौलतगंज सहित अन्य स्थानों पर अवैध रूप से लगाए गए झंडी, बैनर एवं कटआउट हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम

की टीम ने सार्वजनिक मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में लगे प्रचार सामग्री को हटाकर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा शहर की स्वच्छ एवं सुंदर छवि बनाए रखने का संदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति लगाए गए झंडी, बैनर एवं कटआउट के विरुद्ध आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

हृदय संबंधी बीमारियों का समय पर उपचार जरूरी : बंसल

गंभीर हृदय रोगों के इलाज के लिए दिल्ली जाने की मजबूरी होगी कम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 31 मई। हृदय रोगों के इलाज के लिए महानगरों पर निर्भर रहने वाले ग्वालियर और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों के लिए राहतभरी खबर है। इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स, नई दिल्ली ने श्रीनाथ हार्ट केयर के सहयोग से शहर में नियमित कार्डियेक ओपीडी शुरू करने की घोषणा की है। इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स, नई दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट कार्डियो थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. वरुण बंसल ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि हृदय संबंधी गंभीर बीमारियों का समय पर उपचार बेहद जरूरी है। ग्वालियर में नियमित ओपीडी शुरू होने से मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श और जांच के लिए दिल्ली या अन्य महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि समय पर निदान और उपचार कई मरीजों की जान बचा सकता है। वहीं

डॉ. आकाश मोदी, सीनियर कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, श्रीनाथ हार्ट केयर ने कहा कि ग्वालियर में लंबे समय से उच्चस्तरीय कार्डियेक सर्जरी विशेषज्ञों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अपोलो हॉस्पिटल्स के साथ यह सहयोग क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. बंसल को कार्डियेक सर्जरी के क्षेत्र में 14 वर्ष से अधिक का अनुभव है। वे मिनिमली इनवेसिव और रोबोटिक कार्डियेक सर्जरी, हार्ट ट्रांसप्लांट, हार्ट फेल्योर मैनेजमेंट तथा ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वॉल्व इम्प्लांटेशन (टावी) जैसी उन्नत प्रक्रियाओं के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने कनाडा के टोरंटो जनरल हॉस्पिटल से एडवांस्ड कार्डियेक सर्जरी और हार्ट ट्रांसप्लांट में फैलोशिप प्राप्त की है।

घोषणा के अनुसार डॉ. वरुण बंसल हर माह के चौथे रविवार को श्रीनाथ हार्ट केयर में ओपीडी करेंगे। इस पहल से कॉम्प्लेक्स वॉल्व डिजीज, कोरोनरी आर्टरी डिजीज, हार्ट फेल्योर, जन्मजात हृदय रोग और एओर्टिक वॉल्व संबंधी बीमारियों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ परामर्श और आवश्यकता पडने पर अपोलो हॉस्पिटल्स में उन्नत उपचार की सुविधा मिल सकेगी।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95